

## एक नजर में

### भजनों की सरिता में डूबा सकल जैन समाज



**खंडवा।** 'जियो और जीने दो' का अमर संदेश देने वाले भगवान महावीर स्वामी का जन्म महोत्सव 30 मार्च को सकल जैन समाज द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। महोत्सव की पूर्व बेला में नगर के जैन मंदिरों में भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। समाज के सचिव सुनील जैन के अनुसार, आदिनाथ जयंती से शुरू हुआ कार्यक्रमों का यह सिलसिला महावीर जयंती तक अनवरत जारी रहेगा।

इसी कड़ी में सेठी नगर स्थित श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में महिला मंडल द्वारा भव्य भजन संध्या आयोजित की गई, जिसमें श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूम उठे। वहीं, बजरंग चौक स्थित महावीर दिगंबर जैन मंदिर में आशादीप बहु मंडल द्वारा प्रभु का आकर्षक पालना सजाया गया। बड़ी संख्या में मातृशक्ति ने पालना झुलाकर भजनों के माध्यम से अपनी अगाध श्रद्धा प्रकट की।

इन आयोजनों में समाज के अध्यक्ष दिलीप पहाड़िया, वीरेंद्र जैन, विजय सेठी, पंकज छाबडा सहित प्रेमांशु चौधरी व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वर्तमान में नगर के विभिन्न जैन मंदिरों और धर्मशालाओं में सांस्कृतिक कार्यक्रमों और विनती के बुलावे के साथ मुख्य महोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं।

### 26 मार्च से पुस्तक मेले का आयोजन होगा

**खंडवा ।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता के निर्देश पर आगामी 26 से 30 मार्च तक पी एम श्री हायर सेकंडरी स्कूल सूरजकुंड खण्डवा में पुस्तक मेले का आयोजन किया जाएगा। पुस्तक मेले की तैयारियों को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी पी एस सोलंकी ने खण्डवा नगर के मुख्य पुस्तक विक्रेताओं की बैठक ली। उन्होंने आगामी 26 से 30 मार्च तक होने वाले पुस्तक मेले में सभी निजी शालाओं में पढ़ाई जाने वाली पुस्तको एवं अन्य स्टेशनरी सामग्री ड्रेस, बस्ते के विक्रय हेतु स्टाल लगाने व विभिन्न प्रकाशनों की पुस्तकें उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पालकों को मेले में विशेष छूट का लाभ मिले, इसके लिए सभी विक्रेताओं से सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने जिले के पालकों से अपील की है कि इस पुस्तक मेले से पुस्तके क्रय कर विशेष छूट का लाभ उठाएं।

### मूंदी में गणगौर उत्सव पर 52 रथों का बौढ़ाया, नगर में उत्साह



**मूंदी।** गणगौर उत्सव के अवसर पर इस वर्ष रथों का विसर्जन नहीं करते हुए उन्हें मेहमान बनाकर 52 जोड़े रथों का बौढ़ाया गया। रणूबाई-धनियार राजा के रथों को मुजमेर परिवार मूंदी द्वारा बौढ़ाया गया। मांगलिक भवन में सभी रथों का रात्रि में विधि-विधान से पूजन किया जाएगा तथा भजन-कीर्तन का आयोजन भी होगा। 22 मार्च को मुजमेर परिवार द्वारा भंडारे का आयोजन रखा गया है। इसी दिन रथ बौढ़ाने का कार्यक्रम गुर्जर समाज द्वारा किया जाएगा। गुर्जर समाज के लोग मान-मनवार के साथ इन रथों को जादम गुर्जर धर्मशाला तक लेकर जाएंगे।

23 मार्च को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक भंडारा-प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। वहीं 23 मार्च की शाम को रथों के विसर्जन का कार्यक्रम संपन्न होगा। गणगौर उत्सव को लेकर नगर में उत्साह का माहौल बना हुआ है और धर्मप्रेमी समाजजन इस आयोजन में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभा रहे हैं।

### लंगोटी में सामूहिक श्रमदान कार्यक्रम आज

**खंडवा ।** जल संचय जनभागीदारी- 2.0' अभियान के तहत जल संरचनाओं के निर्माण हेतु रविवार 22 मार्च को खालवा विकासखंड के ग्राम लंगोटी में एक दिवसीय सामूहिक श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। खालवा जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि यह कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत के उपाध्यक्ष कुँवर दिव्यादित्य शाह करेंगे। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष खालवा श्रीमती सोनता रामप्रसाद कवडे और जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती सती किशोर पाटिल भी उपस्थित रहेंगी।

### श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ, खंडवा की नई कार्यकारिणी घोषित

**खंडवा।** जैन धर्म की मूल भावना अहिंसा, संयम और सेवा को आत्मसात करते हुए श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ, खंडवा की नवीन कार्यकारिणी का गठन श्रद्धा और गरिमामय वातावरण में किया गया। समाज के वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद के साथ नई टीम को जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

समाज के प्रचार मंत्री गौरव बरड़िया एवं चंद्रकांत सांड ने जानकारी देते हुए बताया कि संघ के संरक्षक मंडल में मेघराज साहब चोरडिया, सुभाष साहब मेहता, मनसुख साहब भंडारी, विजय साहब मेहता, कमल साहब ललवानी तथा शिखरचंद साहब खटोड को शामिल किया गया है। ये सभी अपने अनुभव से समाज को मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

नवयुवक मंडल के संरक्षक के रूप में सतीश बनवट को जिम्मेदारी दी गई है, जिससे युवाओं में धर्म के प्रति जागरूकता और सहभागिता बढ़ेगी। समाजसेवी सुनील जैन ने नई कार्यकारिणी को बधाई देते हुए बताया कि अध्यक्ष पद पर विकास बोथरा को दायित्व सौंपा गया है। उनके नेतृत्व में संघ धर्म प्रभावना, सामाजिक एकता और सेवा कार्यों को नई गति देगा।

उपाध्यक्ष के रूप में सोभाग सांड, प्रदीप मेहता एवं राकेश बम्ब को नियुक्त किया गया है। सचिव पद पर पियुष चोरडिया, सहसचिव के रूप में डॉ. नंदकिशोर सेठिया, योगेश मेहता एवं नितीन कोचर, कोषाध्यक्ष के रूप में संजय बम्ब तथा प्रचार मंत्री के रूप में चंद्रकांत सांड एवं गौरव बरड़िया को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# ईद पर इबादत के साथ गूंजा महिलाओं के सम्मान का संदेश

नवभारत न्यूज





**खंडवा।** जिले भर में शनिवार को ईद-उल-फितर का त्यौहार अकीदत और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य ईदगाह सहित जिले की 43 मस्जिदों में हजारों सिर एक साथ सजदे में झुके और मुल्क में अमन-चैन व खुशहाली की दुआ मांगी गई। इस बार का ईद मिलन न केवल मजहबी रवायतों तक सीमित रहा, बल्कि मंच से महिलाओं के सम्मान और सामाजिक समरसता का एक सशक्त संदेश भी दिया गया।

**कमाई में औरतों को दें बराबरी का हिस्सा : मौलाना निजामुद्दीन**

ईदगाह पर नमाज से पूर्व हुई तकरीर में मौलाना निजामुद्दीन ने कुरान के हवाले से आधुनिक समाज को आईना दिखाया। उन्होंने इस्लाम में महिलाओं के अधिकारों पर जोर देते हुए कहा, 'यह गलत धारणा है कि इस्लाम महिलाओं के हक की बात नहीं करता। अल्लाह का साफ हुक्म है कि अपनी कमाई में से औरतों को बराबरी का हिस्सा दें।' उन्होंने पुरुषों को नसीहत देते हुए कहा कि महिलाओं से प्यार और सम्मान से पेश आना ही वास्तविक इबादत है। औरतों की खुशी में ही परिवार की खुशहाली निहित है।

**गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल बना खंडवा :** शहर काजी सैयद निसार अली और शहर आलीम मौलाना सरफुद्दीन ने तकरीर के दौरान भाईचारे का पैगाम दिया। शहर काजी ने कहा कि खंडवा हमेशा से अपनी साझी संस्कृति के लिए जाना जाता है और यह 'गंगा-जमुना तहजीब' हमेशा कायम रहनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जो लोग समाज में नफरत या गलत काम फैलाते हैं, उनका दीन और इंसानियत से कोई वास्ता नहीं हो सकता।

**अफसरों और नेताओं ने दी गले लगकर मुबारकबाद :** सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल पेश करते हुए ईदगाह पर प्रशासनिक और पुलिस अमले के साथ राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी पहुंचे। अपर कलेक्टर काशीराम बडौले, एडिशनल एसपी महेंद्र तारणेकर, और प्रशिक्षु आईएएस-आईपीएस अधिकारियों सहित नगर निगम के अधिकारियों ने समाजजनों को ईद की बधाई दी। वहीं, कांग्रेस शहर अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी और जिलाध्यक्ष उत्तपालसिंह पुरनी सहित कई जनप्रतिनिधियों ने मूंदी और पंधाना जैसे क्षेत्रों में पहुंचकर गले लगकर खुशियां बांटी।

## तीन दिवसीय 'आदिरंग' महोत्सव का समापन आज

नवभारत न्यूज



**खंडवा।** जनजातीय नृत्य, संगीत एवं शिल्प कलाओं पर आधारित तीन दिवसीय 'आदिरंग' महोत्सव का समापन 22 मार्च रविवार को होगा। नया हरसूद के स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित इस महोत्सव के तीसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया उपस्थित रहेंगी।

कार्यक्रम में प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह भी शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. निशांत खरे करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री सुरेंद्र शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पिंकी सुदेश वानखेड़े, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कुंवर दिव्यादित्य शाह, भाजपा महाराष्ट्र के उपाध्यक्ष राजे वीरेंद्र शाह, नगर पालिक निगम खंडवा की महापौर अमृता अमर यादव तथा नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा के महापौर विक्रम अहाके उपस्थित रहेंगे।

**अंतिम दिन होंगे विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम :** महोत्सव के तीसरे और अंतिम दिन विभिन्न जनजातीय एवं लोक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित होंगी। इनमें रामचंद्र सिंह (भोपाल) द्वारा वीरांगना रानी दुर्गावती पर आधारित नृत्य-नाट्य, कृष्णा वर्मा एवं साथियों (उज्जैन) द्वारा मटकी नृत्य, उपेन्द्र सिंह एवं साथियों (सीधी) द्वारा करमा सैला नृत्य, अर्जुन बाघमारे एवं साथियों (बैतूल) द्वारा ठाट्या नृत्य, जोगिंदर सिंह हब्बी एवं साथियों (हिमाचल प्रदेश) द्वारा सिरमोरी नाटी नृत्य, टी. श्रीधर एवं साथियों (तेलंगाना) द्वारा गुसाड़ी नृत्य तथा बीरेन्द्र कालिंदी एवं साथियों (पश्चिम बंगाल) द्वारा नटुआ नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके साथ ही महोत्सव में जनजातीय जनयोद्धाओं पर केंद्रित 'जननायक' प्रदर्शनी तथा गोंड जनजातीय गीतों और कथाओं पर आधारित चित्र प्रदर्शनी 'मां नर्मदा' भी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

## दिव्य ज्योति जागृति संस्थान ने लगाया भजन सत्संग शिविर

नवभारत न्यूज



**खंडवा।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान शाखा भैरुंदा द्वारा शहीद जन नायक टंट्या भील जिला कारागृह में दो दिवसीय बंदी आत्म उत्थान ध्यान शिविर के आयोजन में भजन और सत्संग के माध्यम से कैदियों के जीवन में बदलाव लाने के लिए कार्यक्रम किया।

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि स्वामी आशानंदजी ने भजन-सत्संग के माध्यम से कैदियों को प्रायश्चित करवाते हुए सत्संग के माध्यम से बताया कि जीवन बहुत दुर्लभता से प्राप्त हुआ है। इस जीवन को किसी महापुरुष के सानिध्य मे रहकर जिया जाए तो जीवन अमृत मय हो जाता है। महापुरुषों का सानिध्य प्राप्त किए बिना शांति और प्रसन्नता असंभव है। जो व्यक्ति मनमुखी होकर जीवन जीता है, उसके जीवन का पतन हो जाता है और इसीलिए कहा गया है कि- मन के मते न चलिए, मन पक्का यमदूत! ले डूबे दरिया मे, जाये हाथ से छूट! परिस्थितियां और संगती इंसान को अपराधी बना देती है और इंसान सलाखों के पीछे कलंकित जीवन जीता है, इसलिए अच्छे लोगों की संगती करना चाहिए, अच्छे विचारों को सुनना चाहिए, मनुष्य जैसा सुनता है वैसा रास्ता चुनता है। सत्संग के माध्यम से सैकड़ो कैदियों ने सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त की और 31 कैदी भाइयों ने आत्म ज्ञान प्राप्त कर आत्म ज्योति का साक्षात्कार दर्शन कर आनंद को प्राप्त किया। जिला जेल में आयोजित सत्संग कार्यक्रम में कल्पना मान्गुंल्ये ,जेल सहायक अधीक्षक हेमंत नागर और जेल स्टॉफ का योगदान रहा।

## नाम 'गुर्जर' का, नंबर 'पाटीदार' का

### कांग्रेस में नई नियुक्तियों पर उठ रहे सवाल

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** जिला कांग्रेस संगठन में हाल ही में हुई नियुक्तियों ने गुटबाजी की आग को और हवा दे दी है। संगठन विस्तार के नाम पर जारी की गई लिस्ट में ऐसी 'ब्लंडर' मिस्टेक और रणनीतिक चूके सामने आई हैं, जिनसे पार्टी की साख दांव पर लग गई है। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि पद बांटने में निष्ठा से ज्यादा 'नजदीकियों' और 'बाहरी' रसूख का ध्यान रखा गया है। आलम यह है कि कांग्रेस की इस नई फौज में भाजपा समर्थकों तक को जगह मिल गई है, जिससे जमीनी कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है।

**केस 1: नाम और नंबर का 'अनोखा' घालमेल:** संगठन द्वारा जारी सूची में एक नियुक्ति ऐसी है जिसने सबको हैरान कर दिया है। लिस्ट में नाम तो एक 'बाहरी' गुर्जर नेता का दर्ज है, लेकिन उसके आगे जो मोबाइल नंबर अंकित है, वह शहर के एक 'करीबी' पाटीदार नेता का है। इस गड़बड़ी ने स्पष्ट कर दिया है कि नियुक्तियां बंद कमरों में जल्दबाजी और 'अपनों' को उपकृत करने के चक्कर में की गई हैं। कार्यकर्ताओं का कहना है कि क्या संगठन के पास अपने पदाधिकारियों का सही डेटा तक नहीं है?

**केस 2: बीजेपी समर्थक को 'ब्लॉक अध्यक्ष' की कमान!** सबसे ज्यादा विवाद ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर हो रहा है। आरोप है कि जिस व्यक्ति को संगठन की मजबूती के लिए ब्लॉक की कमान सौंपी गई है, वह खुलेआम भाजपा की विचारधारा और उनके कार्यक्रमों का समर्थन करता रहा है। निष्ठावान कांग्रेसियों का सवाल है कि क्या पार्टी के पास अब समर्पित कार्यकर्ताओं का अकाल पड़ गया है जो 'भगवा' रंग में रंगे चेहरों को 'हाथ' का साथ दिया जा रहा है?

## ओंकारेश्वर में आधुनिक छाया के टेंट लगाए



**ओंकारेश्वर।** ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर आने वाले श्रद्धालुओं को निमाड़ की तपती भीषण गर्मी में परेशानी ना हो इसको ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ऋषव गुप्ता के निर्देश पर नगर परिषद सीएमओ मोनिका पारधी द्वारा ओंकारेश्वर के प्रमुख प्रमुख घाटों पर आधुनिक स्वच्छ व सुंदर दिखने वाले टेंट लगाए गए।

साथ ही पानी की विशेष व्यवस्था करते हुए कई स्थानों पर बड़ी-बड़ी रांझाने रखकर सुबह व्यवस्थित प्याऊ लगाई गई जिसका भूतड़ी अमावस्या पर आने वाले श्रद्धालु के साथ तीर्थ यात्रियों ने लाभ लिया

ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है ऐसे में तपती निर्माण की गर्मी में लोग नर्मदा स्नान के दौरान घाटों पर टिन सेट की मांग लंबे समय से कर रहे हैं तथा जगह-जगह पीने के पानी की व्यवस्थाओं के इंतजाम की मांग भी उठने लगी है।

### कोलियाडिड अवलिया में 29 मार्च से परचरी पुराण कथा

**खंडवा।** ग्राम कोलाडिट में परचरी पुराण कथा का शुभारंभ दिनांक 29 मार्च से 2 अप्रैल तक होने जा रहा है। निमाड़ क्षेत्र (मंडलेश्वर) की सुविख्यात कथावाचिका सुश्री दीदी चेतना भारतीजी के मुखारविंद से पांच दिवसीय परचरी पुराण का वाचन होगा। भव्य शोभायात्रा नगर के मुख्यमार्गो से होती हुई कथा पंडाल तक जाएगी।महिला मंडल एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग द्वारा भव्य परचरी पुराण का आयोजन किया जा रहा है,आयोजक समिति ने सभी श्रद्धालुओ को कथा में पधारने के लिए भावभरा निमंत्रण दिया है। परिवार, कुटुंब, ग्राम और राष्ट्र के कल्याणार्थ कथा का संकल्प लिया है जिसकी पूर्णाहुति 2 अप्रैल को होगा।

### सद्भावना मंच का स्थापना दिवस 24 को

**खंडवा।** सद्भावना मंच का 21 वां स्थापना दिवस 24 मार्च मंगलवार को 11 बजे से इंदौर रोड स्थित सद्भावना हाल में मंच संस्थापक प्रमोद जैन की अध्यक्षता में आमंत्रित अतिथियों की मौजूदगी में मनाया जायेगा। इस मौके पर मंच द्वारा दिन भर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। यह जानकारी देते हुए मंच के निर्मल मंगवानी ने बताया कि सर्वधर्म समभाव एवं नगर में व्याप्त जन समस्याओं को हल करने, गरीबजन की मदद के पवित्र उद्देश्य एवं प्रतिभावानों को सम्मान देना आदि उद्देश्यों लेकर समाजसेवी संस्था सदभावना मंच का गठन किया गया था। इस मौके पर कार्यक्रमों का सिलसिला 11 बजे इंदौर रोड स्थित आशा धाम में असहाय लोगों को वितरण मिठाई फल वस्त्र वितरण एवं इंदौर रोड सद्भावना हाल में गीत, संगीत, कवि गोष्ठी,मुशायरा, मनोरंजन कार्यक्रम के साथ मनाए जाएंगे।

## ग्रामीण अंचलों में गूंजे माता के जयकारे, बाड़ी पूजन के साथ निकले रथ

नवभारत न्यूज





**खंडवा।** निमाड़ की प्राचीन संस्कृति और लोक आस्था का महापर्व 'गणगौर' का उत्साह चरम पर है। शनिवार को खंडवा तहसील के ग्रामीण क्षेत्रों में उत्सव का उल्लास चरम पर देखा गया। क्षेत्र के सिलोदा, बडगांव गुर्जर, सिरपुर, और कोरगला पंजारिया सहित अनेक गांवों में श्रद्धा और भक्ति के साथ 'बाड़ी पूजन' किया गया, जिसके बाद माता रेणुका और धनियार राजा के रथ भ्रमण के लिए निकाले गए।

शनिवार सुबह से ही इन गांवों में उत्सव का माहौल रहा। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं ने मंगल गीतों के साथ ज्वारों की बाड़ी का पूजन किया। 'माता की सेवा' के नौ दिनों के कठिन अनुष्ठान के बाद, जब ज्वारों को बाड़ी से बाहर निकाला गया, तो पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। ढोल-ताशों की थाप और 'मारे रणुबाई को घोड़लो आयो' के गगनभेदी जयकारों के साथ माता के रथों का ग्राम भ्रमण शुरू हुआ। ग्रामीणों ने अपने घरों के सामने रंगोली सजाकर और पुष्प वर्षा कर माता की अगवानी की। सिलोदा और बडगांव गुर्जर में घर में माता के आगमन की खुशी दीपावली जैसी होती है। सिरपुर और कोरगला पंजारिया में भी युवाओं और बुजुर्गों ने बड़े उत्साह के साथ रथों को अपने कंधों पर उठाकर भ्रमण कराया। ग्रामीण अंचलों में मान्यता है कि बाड़ी के ज्वारे जितने पुष्ट और ऊंचे होते हैं, गांव में उतनी ही सुख-समृद्धि और अच्छी फसल आती है। बदलते दौर में भी इन गांवों ने अपनी जड़ों को मजबूती से थामे रखा है। शनिवार को निकले इन रथों में न केवल धार्मिक आस्था दिखी, बल्कि निमाड़ी लोक कला के दर्शन भी हुए। जगह-जगह लोक नृत्य और पारंपरिक गीतों ने समां बांध दिया। देर शाम तक चले इस भ्रमण के बाद बाड़ी के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।